NBT
नवभारत टाइम्स

**Fake fertilizer: किसानों से खिलवाड़! जबलपुर में यहां से 5000 किलो नकली खाद पकड़ाई, कृषि विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई**




**जबलपुर**: मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में किसान कल्याण एवं कृषि विभाग को बड़ी सफलता है। उन्होंने संयुक्त छापेमारी में एक दुकान से करीब 5000 किलो नकली खाद जब्त की है।

मामला भिटोनी इलाके का बताया जा रहा है। यहां स्थित सरस्वती फर्टिलाइजर के संचालक राहुल राठौर, एरिया मैनेजर रवींद्र चौरसिया व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बड़वानी की कंपनी से हो रही थी सप्लाई
पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन की टीम ने बताया कि नकली खाद बड़वानी की एक कंपनी ने सप्लाई की थी।

50 किलो नकली खाद के 100 बैग मिले
पुलिस के मुताबिक छापेमारी के दौरान टीम को 50 किलो वजन वाले नकली डीएपी खाद के 100 बैग मिले। आरोपी इतनी भारी मात्रा में नकली खाद बाजार में बेचने के प्रयास में थे।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/madhya-pradesh/bhopal/5000-kg-of-fake-fertilizer-caught-in-jabalpur-agriculture-department-takes-swift-action/articleshow/114162403.cms